भारत डायनामिक्स लिमिटेड

(रक्षा मंत्रालयाधीन, भारत सरकार का उपक्रम)
निगम कार्यालय : गच्चीबाउली, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-सीसी/06 दि. 30 अक्तूबर, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन

आज भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया ।

इस वर्ष बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्तूबर से 07 नवंबर 2023 तक मनाया जाएगा। इस वर्ष के सतर्कता जागरूकता सप्ताह का 'थीम' है ''भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहेंद्धद्ध।

बीडीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ बी डी एल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर ए माधवाराव (से.नि.) द्वारा कंचनबाग, भानूर और विशाखापट्टणम इकाइयों तथा अन्य कार्यालयों के कर्मचारियों को 'सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा' दिलाकर किया गया।

श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), बीडीएल, श्री पी वी राजा राम, निदेशक (उत्पादन), डॉ. उपेंद्र वेन्नम, आई पी ओ एस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, कामाडोर गिरीश रघुनाथ प्रधान (से.नि), अधिशासी निदेशक (कंचनबाग एवं विशाखापट्टणम इकाई) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया ।

इस अवसर पर बीडीएल के सीएमडी द्वारा आरक्षण नीति पुस्तिका का विमोचन कर जारी किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 के अवसर पर भारत सरकार के माननीय राष्ट्रपति, उप- राष्ट्रपति और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों को पढ़ा गया ।

सप्ताह भर चलने वाले समारोह में सतर्कता के प्रति जागरूकता लाने स्कूल एवं कॉलेज के छात्र, कर्मचारी एवं उनके पति/पत्नी के लिए निबंध लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नमंच, श्लोगन लेखन और पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत, कंपनी के विक्रेताओं में भी जागरूकता लाने, बी डी एल के कंचनबाग इकाई में एक विक्रेता मिलाप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज के हर स्तर के लोगों के बीच जागरूकता लाने के लिए एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया जाएगा।

सीवीसी की शिकायत नीति, स्थायी आदेशों के प्रावधान, निवारक सतर्कता उपाय, पी आई डी पी आई (पिडपी) (सार्वजनिक हित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा) समाधान आदि पर कर्मचारियों के लिए कार्याशालाएँ / संवेदीकरण कार्यक्रम की योजना बनाई गई है ।

----------XXX----------